>

Title: Need to set up a rail coach repair factory in Betul district, Madhya Pradesh - Laid

**श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल):** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के जिला बैतूल के अंतर्गत मध्य रेल के रेलवे स्टेशन आमला में रेल कोच रिपेयर कारखाना खोले जाने के संबंध में आकर्षित करना चाहती हूं ।

दिल्ली-चैन्नई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित आमला रेलवे स्टेशन जिला बैतूल मध्य प्रदेश में मध्य रेल के आधिपत्य में 138.762 हैक्टेयर भूमि उपलब्ध है, जो कि वर्तमान में यह भूमि रिक्त पड़ी हुई है । इस उद्योग की स्थापना से हजारों बेरोजगारों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना बनेगी ।

अतः बैतूल के अंतर्गत मध्य रेल के रेलवे स्टेशन आमला में रेल कोच रिपेयर कारखाना खोले जाने का अनुरोध करता हूं ।